भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1618
उत्तर देने की तारीख : 28.11.2019

आंध्र प्रदेश में पीएमजेवीके

1618. श्री श्रीधर कोटागिरीः

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश राज्य के लिए प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के अंतर्गत गत दो वित्त वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में शुरू किए गए एवं पूरा किए गए कार्यों की कुल संख्या एवं ब्यौरा क्या है; और

(ख) गत दो वित्त वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य के लिए कुल आवंटित बजट तथा उपयोग की गई राशि कितनी है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क): वर्ष 2017–18 एवं 2018–19 के दौरान मंत्रालय ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के अधीन आंध्र प्रदेश के अभिज्ञात अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में 05 आवासीय स्कूल, 05 नए स्कूल भवन, 03 एसीआर, 03 छात्रावास, 01 आईटीआई, 02 पॉलिटेक्निक, 224 आंगनवाड़ी केंद्र एवं 02 सद्भाव मंडप स्वीकृत किए हैं। इन परियोजनाओं का ब्यौरा मंत्रालय की वेबसाइट http://www.minorityaffairs.gov.in/empowered-committee-minutes पर उपलब्ध है।

(ख): गत दो वित्तीय वर्षों अर्थात् 2017–18 और 2018–19 के दौरान पीएमजेवीके के अधीन 167.00 करोड़ रु0 की परियोजनाएं स्वीकृत की गईं थीं जिसमें केंद्र का हिस्सा 100.20 करोड़ रु0 और राज्य का हिस्सा 66.80 करोड़ रु0 था। इसी अवधि में, ऊपर पैरा (क) में उल्लिखित परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जारी की गई राशि 83.50 करोड़ रु0 थी जिसमें केंद्र का हिस्सा 50.10 करोड़ रु0 और राज्य का हिस्सा 33.40 करोड़ रु0 था। इसके अतिरिक्त, पूर्ववर्ती वर्षों में अनुमोदित परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 2018–19 में मंत्रालय द्वारा दूसरी किस्त के रूप में 7.97 करोड़ रु0 जारी किए गए।

******